**सुविधा** | प्लेटफॉर्म हुए खाली, आउटर पर ट्रेनों के खड़े होने की समस्या में भी आई कमी

# मदन महल से इंटरसिटी के संचालन से मुख्य रेलवे स्टेशन पर घटा दबाव

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए तीन महत्वपूर्ण इंटरसिटी ट्रेनों का टर्मिनल मदन महल किए जाने का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। 17 अगस्त से जबलपुर-सिंगरौली, जबलपुर-रीवा और जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी का संचालन मदन महल स्टेशन से शुरू होने के बाद मुख्य स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर परिचालन का दबाव कम हुआ है।

रेलवे के इस बदलाव से खासतौर पर प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 पर दिनभर खड़े रहने वाली खाली रेक की समस्या में कमी आई है। तीनों ट्रेनों का मुख्य टर्मिनल अब मदन महल है, हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए इनका ठहराव जबलपुर स्टेशन पर भी रखा गया है। पहले जहां प्लेटफॉर्म खाली रेक से घिरे रहते थे, वहीं अब इन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल दूसरी ट्रेनों के परिचालन के लिए आसानी से किया जा रहा है। इसका सीधा फायदा लंबी दूरी की ट्रेनों के




संचालन में भी दिखाई दे रहा है। पहले प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने स्थिति में कई ट्रेनों को आउटर पर रोकना पड़ता था, जिससे यात्रियों को परेशानी होती थी और ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंबित भी होती थीं। अब तीन इंटरसिटी के टर्मिनल को मदन महल स्थानांतरित किए जाने से मुख्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म की उपलब्धता बढ़ी है और आउटर पर ट्रेनों को रोकने की जरूरत भी अपेक्षाकृत कम हुई है।

### यात्रियों को मिल रहा फायदा

रेलवे की यह पहल केवल परिचालन व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर यात्रियों की सुविधा पर भी पड़ रहा है। मुख्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म खाली रहने से ट्रेनों के आने-जाने के लिए जगह बेहतर तरीके से उपलब्ध हो रही है और लंबे समय तक प्लेटफॉर्म पर रेक खड़े रहने की स्थिति कम हुई है। खासकर व्यस्त समय में इसका फायदा ज्यादा दिखाई दे सकता है। पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा किए गए इस बदलाव को स्टेशन की क्षमता का बेहतर उपयोग करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### एक सवाल अभी भी बरकरार !

तीनों इंटरसिटी का टर्मिनल मदन महल करने से मुख्य स्टेशन का दबाव तो घटा है, लेकिन मदन महल से जबलपुर के बीच इन ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अब भी अपेक्षाकृत कम नजर आती है। इसकी बड़ी वजह यह है कि इन ट्रेनों के अधिकांश यात्री जबलपुर मुख्य स्टेशन से ही सवार होते रहे हैं। ऐसे में ट्रेन के मदन महल से रवाना होने के बाद जब वह कुछ ही मिनट में जबलपुर स्टेशन पहुंचती है, तब यहां बड़ी संख्या में यात्री सवार होते हैं। सिंगरौली इंटरसिटी के मामले में मदन महल से रवाना होने के बाद जबलपुर में उसका निर्धारित ठहराव भी है। यानी टर्मिनल बदलने से रेलवे को प्लेटफॉर्म और परिचालन के मोर्चे पर राहत जरूर मिली है, लेकिन यात्रियों की पहली पसंद अब भी मुख्य जबलपुर स्टेशन बना हुआ है। यदि मदन महल से ही पर्याप्त संख्या में यात्री ट्रेनों में सवार होने लगें तो इस व्यवस्था का दोहरा लाभ हो सकता है—मुख्य स्टेशन का दबाव और कम होगा तथा मदन महल स्टेशन का टर्मिनल के रूप में वास्तविक उपयोग भी बढ़ेगा। फिलहाल रेलवे की इस सधी हुई पहल ने मुख्य स्टेशन की व्यस्तता को कम करने की दिशा में सकारात्मक असर दिखाना शुरू कर दिया है।

# पिता ने हथौड़ी मार किया मासूम बेटे का कत्ल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अंतर्गत बसेड़ी में एक पिता ने अपने ही 4 साल के मासूम बेटे की हथौड़ी मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के मुताबिक बसेड़ी गांव निवासी तुलसीराम सिंह लोधी 37 का मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसका लंबे समय से इलाज चल रहा है। जिसकी पत्नी दो बेटे आठ वर्षीय भविष्य लोधी, चार वर्षीय प्रेम सिंह लोधी है। तुलसीराम गांव में ही समोसे की दुकान लगाता है। बुधवार को अचानक तुलसी राम का मानसिक संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और सुबह से कभी बच्चों को तो कभी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। दोपहर में बेटा प्रेम घर के अंदर खेलते-खेलते जमीन में सो गया, तभी आचानक दोपहर करीब 12:30 बजे पिता ने घर में रखे भारी हथौड़ी से अपने 4 वर्षीय बेटे प्रेम पर हमला कर दिया। सनकी पिता ने मासूम के सिर, आंख पर हथौड़े से कई ताबड़तोड़ वार किए। चोट इतनी गंभीर थी कि बच्चे का सिर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसने मौके पर ही तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना के वक्त घर से आ रही चीख-पुकार और रोने की




आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग और परिजन मासूम को बचाने दौड़े, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस ने आरोपी पिता तुलसी राम को मौके से ही घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। इस खौफनाक हत्याकांड के बाद से पूरे गांव में सनसनी और शोक का माहौल है। एक पिता द्वारा अपने ही कलेजे के टुकड़े की इतनी बेरहमी से जान लेने की वारदात से लोग स्तब्ध हैं। पुलिस ने आरोपी तुलसी राम के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### ताराचंद हत्याकांड : कातिल पर डीआईजी ने बढ़ाया ईनाम

बरगी थाना अंतर्गत पुलघाट स्थित कुटिया, मनकेड़ी बरगीनगर में 25 अप्रैल को हुई ताराचंद महाराज उर्फताराचंद कुशवाहा की अंधी हत्या की गुत्थी उलझी हुई है। लंबा समय बीत जाने के बाद भी कातिल कौन है इसका पता नहीं चल सका है। अब डीआईजी ने आरोपी की गिरफ्तारी पर ईनाम राशि बढ़ा दी है। विदित हो कि पुलघाट स्थित कुटिया, मनकेड़ी बरगीनगर में अज्ञात आरोपित द्वारा कुटिया के अंदर ताराचंद महाराज उर्फ ताराचंद कुशवाहा की 25 अप्रैल को हत्या कर दी थी। हत्याकांड के बाद से आरोपित फरार है। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने दस हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस ने संभवित ठिकानों पर छापेमारी भी की लेकिन आरोपित का सुराग नहीं लग पाया। अब इस प्रकरण में आरोपी पहचान उजागर करने वाले एवं उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाले को बीस हजार रूपए का ईनाम देने की घोषणा पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह द्वारा की गई है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जायेगा।

# कार्यालय आने वाले नागरिकों का करें सत्कार : महापौर

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शहर विकास को लेकर चौतरफा कार्य किये जा रहे हैं तथा इस दौरान शहर के नागरिकों की सुविधाओं को भी निरंतर बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। इन्हीं सब कार्यों और प्रयासों की जानकारी लेने ,नगर निगम मुख्यालय में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और सम्मानजनक समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा कि शहर का प्रत्येक नागरिक हमारे लिए देवतुल्य है और उनके कार्यों



में किसी भी तरह की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने मुख्यालय स्थित लोक निर्माण विभाग, अपर आयुक्त कक्ष, अधीक्षण यंत्री कार्यालय, राजस्व शाखा और जल विभाग सहित अन्य प्रमुख अनुभागों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां रखी फाइलों, जनसुनवाई के आवेदनों और नागरिक सेवाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और तत्परता से निर्वहन करें। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने *कार्यालय प्रमुखों को कार्यालय आने वाले नागरिकों का सत्कार के साथ उनकी सुनवाई करने निर्देश भी दिए।

## शहीद स्मारक में कल मुनि प्रबुद्धसागर का व्याख्यान

**नवभारत, जबलपुर।** डी. एन. जैन बोर्डिंग हाउस सोसायटी, दिगम्बर जैन पंचायत सभा एवं जैन नवयुवक सभा के सहयोग से जैन शिक्षक परिवार के संयोजन में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में मुनि प्रबुद्धसागर महाराज का विशेष उद्बोधन चार सितंबर शुक्रवार को सुबह 8 बजे आयोजित है। शिक्षक दिवस की पूर्व बेला पर होने वाले इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। डी. एन. जैन बोर्डिंग के अध्यक्ष सत्येन्द्र जैन 'जुग्गु', प्रधानमंत्री संजय (आर.व्ही) एवं समस्त ट्रस्टियों ने सकल जैन समाज से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# ढलान पर खड़ी चालू मेट्रो बस दुकान में घुसी, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत बस स्टैंड चौकी के पास बुधवार शामहादसा होते-होते टल गया। दरअसल एक चालू मेट्रो बस अचानक ढलान पर लुढ़क गई और सीधे सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। इस दुर्घटना में दुकान का टीन शेड और बाहर खड़े कई वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति बस की चपेट में नहीं आया, जिससे एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, मेट्रो बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1257 का चालक शाम करीब 7 बजे बस स्टैंड चौकी के पास पहुंचा था।




वह बस को चालू हालत में ही छोड़कर सड़क किनारे फ्रेश होने के लिए नीचे उतरा। इसी दौरान मार्ग पर ढलान होने के कारण बिना ड्राइवर की चालू बस धीरे-धीरे आगे की ओर लुढ़कने लगी। रफ्तार पकड़ते ही बस अनियंत्रित हो गई।

अनियंत्रित मेट्रो बस को बिना ड्राइवर के आगे बढ़ता देख मौके पर मौजूद राहगीरों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बस सीधे जाकर एक दुकान के टीन शेड से जाकर टकरा गई, जिससे दुकान का अगला हिस्सा और टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दुकान के सामने खड़े दो से तीन दोपहिया वाहन भी इस बस की चपेट में आ गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। गनीमत रही कि बस खाली थी वरना बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था ।

**एक नजर में**

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**जबलपुर ।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बड़े हनुमान के सामने बिलहरी में ट्रक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक निखिल रजक 36 वर्ष निवासी सिविल लाइन, उपहार अपार्टमेंट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवार दोपहर लगभग 1-22 बजे अपार्टमेंट में रहने वाला संदीप सिंह अनन्तारा से स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 2476 से गोराबजार की तरफजा रहा था बड़े हनुमान के सामने बिलहरी पहुँचा तभी एकता मार्केट तरफसे आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 9602 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे वह स्कूटी सहित गिर गया, हाथ पैर व शरीर में चोटें आयीं।

### गणेश उत्सव महापर्व पर बनेंगे कई शुभ संयोग

**नवभारत, जबलपुर।** गणेश चतुर्थी पर लंबे समय बाद कई शुभ संयोग बनेंगे, जिसके तहत इस वर्ष 12 दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाई जाती है। हिन्दू धर्म में यह मान्यता है कि भगवान गणेश प्रथम पूजनीय हैं और उन्हें विघ्नहर्ता कहा जाता है। गणेश चतुर्थी के दिन भगवान के बाल रूप का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन देवी पार्वती ने गणेश को मानसिक जन्म दिया था। यह जन्म संसार में होने वाली संतान की तरह नहीं बल्कि दैवीय शक्ति के माध्यम से हुआ था। गणेश का जन्म दोपहर में हुआ था, इसलिए गणेश चतुर्थी की पूजा हमेशा दोपहर के मुहूर्त में की जाती है। 14 सितंबर को गणेश स्थापना के बाद हरितालिका व्रत किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविद् सौरभ दुबे के अनुसार एक ओर जहां ग्रह-नक्षत्रों की शुभ स्थिति से शुभ एवं शुक्ल और रवियोग बनेगा, वहीं ग्रहों और सितारों की इस शुभ स्थिति के कारण इस त्योहार का महत्व और शुभता और बढ़ जाएगी। ग्रह-नक्षत्रों के इस शुभ संयोग में गणेश प्रतिमा की स्थापना करने से सुख-समृद्धि और शांति मिलेगी।

# चार सूने मकानों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी पार

**जबलपुर।** शातिर चोरों ने पुलिस गश्त को चुनौती देते हुए पनागर, ग्वारीघाट और संजीवनीनगर, अधारताल में सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और भारी नकदी समेट ली। वारदात उस वक्त हुई हुई जब पीड़ित परिवार रक्षाबंधन और त्योहार के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार पनागर थाना अंतर्गत निपानिया निवासी रामजी काछी 46 वर्षीय 31 अगस्त को दोपहर में अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गौर बरेला गए हुए थे। सुबह करीब 5 बजे उनके भतीजे अमित काछी ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। जब पीड़ित ने घर लौटकर देखा तो ताला टूटा मिला। घर के भीतर अलमारी और पेटी खुली पड़ी थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर पेटी में रखे सोने, चांदी के जेवर और 10 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। इसी प्रकार ग्वारीघाट थाना अंतर्गत बादशाह हलवाई मंदिर के पास रहने वाली 43 वर्षीय वर्षा चौधरी 31 अगस्त को रात करीब 8 बजे अपने घर पर ताला लगाकर मायके चली गई थीं। सुबह करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाली प्रिया गुप्ता ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। वर्षा ने अपने बेटे समीर के साथ तुरंत आकर देखा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था और घर के अंदर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। चोर बैग में रखी चांदी की चेन और 12 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। चोरी की सबसे बड़ी वारदात संजीवनीनगर थाना अंतर्गत नवनिधेश कॉलोनी, गंगानगर में हुई अजितेश तिवारीने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे 28 अगस्त की शाम करीब 5 बजे अपने परिवार के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने गए थे। जब वे वापस लौटे, तो बाहर के मेन गेट का ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर अलमारी और दीवान का सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था और जेवर के खाली डिब्बे जमीन पर पड़े थे। चोरों ने दीवान में रखे जेवर सहित गुल्लक तोड़कर करीब 1 लाख रुपये नगद पार कर दिए। इसी प्रकार अधारताल थाना अंतर्गत अमखेरा में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरा, नगदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक रघुवीर प्रसाद पटेल 53 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर नगदी सहित चोरी कर ले गया है। पुलिस ने सभी मामलों में घटनास्थल में फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड की मदद ली है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।



# 18 सितंबर के पहले शत-प्रतिशत प्रकरणों का करें निराकरण : निगमायुक्त

**ई-केवाईसी और शासकीय योजनाओं की प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने पीएम स्वनिधि, संबल योजना, ई-केवाईसी एवं अन्य विभिन्न जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ अविलंब पहुँचाने के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 18 सितंबर से पूर्व सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने दो टूक कहा कि शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना का सीधा लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें आवेदन प्रक्रिया से जोड़ा जाए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा गया ताकि ऋण स्वीकृति और राशि वितरण के मामलों में तेजी लाई जा सके। सत्यापन कार्य में तेजी लाकर पारदर्शी तरीके से लाभ वितरण सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

# शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने मजिस्ट्रेट तैनात

**नवभारत,जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा द्वारा शनिवार 4 सितंबर को दोपहर 12 बजे से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जाने वाली शोभायात्रा के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून.व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में तहसीलदार गोरखपुर विकासचंद जैन, मालवीय चौक में नायब तहसीलदार गोरखपुर भरत कुमार सोनी, बड़ा फु हारा एवं लार्डगंज क्षेत्र में प्रभारी नायब तहसीलदार रांझी महेश कुमार सोलंकी, मिलौनीगंज एवं कोतवाली क्षेत्र में तहसीलदार आधारताल रंजना यादव तथा हनुमानताल एवं बड़ी खेरमाई क्षेत्र में नायब तहसीलदार जबलपुर पटेल को शोभायात्रा के दौरान शांति सुरक्षा एवं कानून.व्यवस्था बनाये रखने की ड्यूटी सौंपी गई है।

सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर पुलिस बल के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल अपर जिला मजिस्ट्रेट शहर एवं पुलिस कंट्रोल रूम ओमती को देने के निर्देश हैं।

## ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आ गई महिला

**जबलपुर।** गढ़ा निवासी महिला ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आ गई है । पीड़िता ने अब थाने पहुंचकर पति, सास, ससुर, देवर, देवरानी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मुताबिक दीपिका सिंह राठौर 32 वर्ष निवासी गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी उपेन्द्र सिंह राठौर निवासी बृंदावन परिसर गंगामैया रांझी के साथी हिन्दू रीति रिवाज से 19 अप्रैल 2019 को हुयी थी शादी के कुछ समय बाद पति उपेन्द्र सिंह राठौर, देवर अमित सिंह राठौर, सास लक्ष्मी सिंह राठौर, ससुर श्याम सिंह राठौर घरेलू बातों को लेकर परेशान करने लगे उसके मायके से पैसे लाने के लिये कहते थे मना करने पर पति मारपीट करते थे, देवर की शादी के बाद देवरानी नेहा सिह राठौर भी उनका साथ देती थी। ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके में रह रही है।

**परेशानी** | वाहन चालकों का सांस लेना मुश्किल

# घमापुर से उच्च न्यायालय रोड तक उड़ रहा धूल का गुबार



**जबलपुर।** घमापुर से उच्च न्यायालय रोड को जोड़ने वाले मार्ग पर इन दिनों सड़क की बदहाल स्थिति वाहन चालकों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बिखरी मिट्टी और बारीक गिट्टी के कारण वाहनों के गुजरते ही धूल का गुबार उठने लगता है।

पीछे से आने वाले वाहनों की रफ्तार के साथ उड़ती धूल राहगीरों के चेहरे और कपड़ों पर जम रही है। खासकर दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। धूल इतनी अधिक उड़ रही है कि कई जगह सामने से आ रहे वाहन तक स्पष्ट नजर नहीं आते, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। लोगों को मजबूरी में मुंह पर कपड़ा रखकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है।

### फिसल जाते है वाहन

दूसरी ओर सड़क पर फैली बारीक गिट्टी वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। गिट्टी पर दोपहिया वाहनों के टायर फिसलने से चालक अचानक संतुलन खो रहे हैं। धूल के कारण जहां सांस लेना मुश्किल हो रहा है, वहीं फिसलन के चलते हादसे की आशंका बनी रहती है। दिनभर इस मार्ग से बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, ऐसे में समस्या का असर लगातार बढ़ रहा है। राहगीरो का कहना है कि सड़क पर तत्काल पानी का छिड़काव कराया जाए और बिखरी गिट्टी को हटाकर मार्ग को समतल किया जाए। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है, ताकि धूल और फिसलन से राहत मिल सके और मार्ग पर आवागमन सुरक्षित हो।

# 2705 जल नमूनों की जांच, स्वच्छ पेयजल को लेकर रेलवे का अभियान

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में रेलकर्मियों और उनके परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया गया 15 दिवसीय वाटर क्वालिटी टेस्टिंग ड्राइव सम्पन्न हो गया। 18 अगस्त से 1 सितंबर तक चले अभियान में जबलपुर मंडल की रेलवे कॉलोनियों और स्टेशनों पर जल गुणवत्ता की व्यापक जांच की गई।

इस दौरान कुल 2705 जल नमूने लिए गए, जिनमें 291 बैक्टीरियोलॉजिकल सैंपल की जांच की गई, जबकि 2414 नमूनों में अवशिष्ट क्लोरीन की मौके पर जांच की गई। अभियान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित के निर्देशन और मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप



कुमार चौहान के मार्गदर्शन में संचालित हुआ।

### उपलब्ध हो बेहतर पेयजल

अभियान के दौरान जल गुणवत्ता की निगरानी के साथ रेलकर्मियों, उनके परिवारों और रेलवे परिसरों में रहने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल, सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही मच्छरजनित बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी भी दी गई। रेलवे प्रशासन के अनुसार इस तरह के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता अभियानों का उद्देश्य रेलवे परिसरों में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसके लिए मंडल स्तर पर लगातार निगरानी और जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।